तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 8 अप्रैल 2024



10 बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें





09 कांग्रेस की गारंटियों व केंद्र की मोदी सरकार की विफलताओं ...






## खबर संक्षेप

### भाजपा का विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन आज

**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा गुण्डरदेही का विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन 8 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक गुण्डरदेही में आयोजित किया गया है। जिले के तीनों विधानसभा के व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रमोद जैन ने बताया कि सम्मेलन मे मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडे, पूर्व विधायक एवं प्रदेश संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ लाभचंद बाफना, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, कांकेर लोकसभा के सह प्रभारी यशवंत जैन, सह संयोजक यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, विधायक वीरेंद्र साहू के आलावा प्रदेश जिला व मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहेगे, जैन ने भाजपा के समस्त कार्यकर्ता गुण्डरदेही विधानसभा के सभी व्यापारियों को सम्मेलन मे शामिल होने अपील की है।

### रामनवमीं व हिन्दू नववर्ष पर रैली 17 को

**गुरूर।** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल गुरूर द्वारा रामनवमी व हिन्दू नववर्ष के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन 17 अप्रैल को दोपहर किया गया है। शोभायात्रा दोपहर 12 बजे राम जानकी मंदिर से निकाली जाएगी। इस दौरान 20 फीट ऊंची हनुमान झांकी, शिव पार्वती विवाह, आदिवासी नृत्य, राऊत नाचा विशेष आकर्षण रहेगा।

### पति ने पत्नी को पीटा, मामला दर्ज

**बालोद।** पत्नी ने अपने पति से दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध को लेकर पूछताछ की तो पति ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की घटना के बाद महिला ने अपने पति के खिलाफ देवरी थाना में शिकायत की है। ग्राम सुरसुली नर्मदा धाम गेट निवासी महिला ने बताया कि 3 अप्रैल को रात करीब 9 बजे अपने पति झनक लाल साहू को दूसरी औरत के साथ संबंध होने की बात करने पर पति ने घर के सामने ही मारपीट की। मारपीट करने से महिला के पेट में चोट आयी है। पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव में कोचिए सक्रिय घूम-घूमकर बेच रहे शराब

**लाटाबोड़।** विकासखंड गुंडरदेही के सनौद थाना अंतर्गत ग्राम सतमरा में इन दिनों शराब का अवैध कारोबार जमकर फल फूल रहा है। पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं करने से शराब कोचियों के हौसले बुलंद हैं। सूत्रों के अनुसार आलम यह है कि अवैध शराब की बिक्री करने वाले लोग शाम के समय मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखकर ग्राम के चौराहों पर घूम-घूमकर शराब की बिक्री कर रहे हैं। इससे युवाओं सहित नाबालिग बच्चे भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। इसके कारण ग्राम में महिलाओं व युवतियों को ज्यादा परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

# बढ़ती गर्मी के साथ लोगों को याद आए मिट्टी के घड़े व सुराही, मांग बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण इन दिनों दल्ली राजहरा के बाजारों में देसी फ्रिज याने मिट्टी के घड़ों की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। दल्लीराजहरा के न्यू मार्केट, कुम्हार पसरा बाजार में इन दिनों दर्जनों कुम्हार मिट्टी के घड़े एवं सुराही, गुल्लक सजाए हुए हैं। गर्मी के दस्तक देते ही दल्लीराजहरा शहर के बाजारों में देसी फ्रिज की डिमांड बहुत बढ़ जाती है।

पारा 42 डिग्री को छू चूका है और आगामी दिनों तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में जहां एक तरफ लोग लू से खुद को बचाने में जुटे हैं, तो वहीं दूसरी ओर कुम्हार लोगों को ठंडा पानी पिलाने के लिए मिट्टी के घड़े लेकर दल्लीराजहरा बाजार में पहुंच गए हैं। दल्लीराजहरा में हर वर्ष गर्मी के मौसम में तापमान 42 से 45 डिग्री को पार कर जाता है। इस मौसम में देशी फ्रिज यानी मिट्टी के घड़े और सुराही की बिक्री बढ़ जाती है। दल्लीराजहरा बाजार में इन दिनों नल लगे हुए घड़े और सुराही खूब बिक रहे हैं। इसमें एक से बढ़कर एक डिजाइन भी देखने को मिल रहा है। दुकानदारों के अनुसार बाजार में 50 रूपए से लेकर 200 रूपए तक के घड़े उपलब्ध हैं।

**घड़े का पानी ठंडकता के साथ ही स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक :** आयुर्वेद चिकित्सा से जुड़े लोगों का कहना है कि मिट्टी के घड़े का पानी पीना सेहत के लिए ▶▶| शेष पेज 09 पर

## दल्लीराजहरा के बाजारों में पहुंचे कुम्हार, लोगों को लुभा रहे डिजाइनर घड़े

### टोंटी लगे घड़ों की भी मांग

खास बात है कि बदलते युग के साथ अब कुम्हार भी अपने व्यवसाय में परंपरागत और आधुनिकता के साथ तालमेल बैठाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके तहत मिट्टी के कलाकारों ने घड़ों में नल (टोंटी) लगा दिया। दल्लीराजहरा के कुम्हार पसरा बाजार में यह मिट्टी का घड़ा 50 से 200 रूपए तक में बिक रहा है और बड़े पैमाने पर लोग खरीद रहे हैं।



### घड़े में कैसे ठंडा रहता है पानी

मिट्टी की भीनी-भीनी खुशबू के कारण घड़े का पानी पीने का आनंद अलग है। मिट्टी के बने मटके में सूक्ष्म छिद्र होते हैं। पानी का ठंडा होना वाष्पीकरण की क्रिया पर निर्भर करता है। जितना ज्यादा वाष्पीकरण होगा, उतना ही ज्यादा पानी भी ठंडा होगा। इन सूक्ष्म छिद्रों द्वारा मटके का पानी बाहर निकलता रहता है। गर्मी के कारण पानी वाष्प बन कर उड़ जाता है। वाष्प बनने के लिए गर्मी यह मटके के पानी से लेता है। इससे मटके का तापमान कम हो जाता है और पानी ठंडा रहता है।

अनदेखी : बालोद-दल्लीराजहरा मार्ग पर खरखरा नहर पुल पर ऐसी लापरवाही

# दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहीं नुकीली छड़ें, जिम्मेदार बेखबर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सड़क से गुजर रहे राहगीरों की जो तस्वीर आप देख रहे हैं, यह कोई सामान्य तस्वीर नहीं है, बल्कि सैंकड़ों लोग खतरों के बीच इस जगह को पार कर अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। जरा सी चूक हुई या गाड़ी अनियंत्रित हुई, तो राहगीर की जान भी जा सकती है।

दरअसल लाल घेरे में दिख रही नुकीली छड़ ऊपर की ओर सीधी खड़ी है। इस तरह और दर्जनों नुकीली छड़ों के बगल से ही पैदल चलने वालों से लेकर दोपहिया वाहन, चारपहिया वाहन तथा अन्य बड़े वाहन चौबीसों घंटे गुजरते हैं। यह तस्वीर जिला मुख्यालय से होकर गुजरी नेशनल हाईवे–930 की है। दुर्घटनाओं को आमंत्रित करती यह तस्वीर दल्लीराजहरा रोड पर शहर से होकर गुजरी खरखरा नहर में, जहां नया पुल बनाया गया है, उस जगह की है।

### फिनिशिंग बाकी, आधे हिस्से से आवागमन शुरू

नया पुल का निर्माण लगभग पूरा हो गया है, लेकिन छुटपुट काम बचा हुआ है। यानि फिनिशिंग नहीं हो पाई है। पुल के कुछ हिस्सों में कार्य करना बाकी है, जिसके कारण गाड़ियों का आवागमन न हो इसलिए विभाग द्वारा पुल के आधे हिस्से को बंद कर दिया गया है, जबकि शेष बची जगह पर सभी छोटे-बड़े वाहनों व पैदल चलने वालों को पुल पार करना पड़ रहा है। ऐसे में पुल पर बिखरे पड़े बड़े-बड़े बोल्डरों के बीच लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। वहीं, सड़क किनारे नुकीले छड़ें खतरनाक साबित हो रही हैं। इससे हमेंशा दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

# बदली के बीच बूंदा-बांदी ने दिलाई गर्मी से राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रविवार को सुबह मौसम में अचानक परिवर्तन हुआ और अंधड़ के साथ बूंदाबांदी हुई। आसमान में काले बादल छाए रहे। हालांकि बूंदाबांदी होने के बाद मौसम साफ होने लगा, लेकिन इस दौरान तापमान में भारी गिरावट आई।

■ रविवार को फिर बदला मौसम का मिजाज

सुबह बारिश की संभावना दिखी, लेकिन बारिश नहीं हुई। वहीं, सुबह मौसम में ठंडकता होने के कारण तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया, जबकि दोपहर होते तक पारा 35 पार हो गया। शनिवार को दोपहर का तापमान 41 डिग्री तक पहुंच गया था, जबकि रविवार को मौसम बदलने के साथ तापमान करीब 5 डिग्री नीचे गिर गया। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सोमवार को भी हल्की बारिश हो सकती है और बादल छाए रहने की संभावना है। रविवार को दिन भर सूरज और बादल के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। लोगों को भले ही सुबह ठंडकता महसूस हुई और गर्मी से कुछ देर तक राहत मिली, मगर दोपहर होते ही वहीं उमस भरी गर्मी ने लोगों का पीछा नहीं छोड़ा।

# विवाह में मेहमान उपहार नहीं नकद देंगे, कपड़ों के लेनदेन पर भी पाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश साहू समाज द्वारा समाज में चल रही कई प्रथाओं एवं रूढ़िवादी परंपराओं को बंद कर नई परंपरा लागू की जा रही है। अब ग्रामीण साहू समाज द्वारा भी अपने ग्राम स्तर पर कई पुरानी परंपराओं को बंद कर खर्चीले, दिखावा वाले कई आयोजनों को बंद किया जा रहा है। ताजा उदाहरण ग्राम भर्रीगांव का है, जहां ग्रामीण साहू समाज द्वारा निर्णय लिया गया है कि ग्राम में होने वाली शादियों में आगंतुकों को कपड़ा नहीं दिया जाएगा। इस निर्णय से लड़का व लड़की पक्ष के लाखों रुपए बचेंगे। समाज ने यह भी निर्णय लिया है कि ग्राम में लड़का व लड़की का वैवाहिक संबंध तय होने पर सगाई जिसे फलदान भी कहते हैं, नहीं की जाएगी। इसके स्थान पर संबंध को अंतिम रूप देने के लिए उसका पंजीयन किया जाएगा एवं बंधन किया जाएगा। समाज के इस निर्णय से लड़का और लड़की पक्ष का फलदान में होने वाले लाखों रुपए की बचत होगी।

■ भर्रीगांव ग्रामीण साहू समाज ने लिया निर्णय

भर्रीगांव साहू समाज में यह भी निर्णय लिया गया है कि विवाह में उपहार सामग्री नहीं दी जाएगी, इसके स्थान पर मेहमान नगद राशि दे सकेंगे। समाज ने निर्णय लिया है कि विवाह के दौरान बारात स्वागत दिन में ही किया जाएगा, संध्या काल या रात्रि काल में नहीं किया जाएगा। इससे बारात स्वागत के दौरान होने वाली परेशानियों से दोनों पक्षों को मुक्ति मिलेगी। भर्रीगांव ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष हेमंत साहू व उपाध्यक्ष विजय साहू के पहल पर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से सर्वसहमति से निर्णय लिया है।


जांच व कार्रवाई की मांग को लेकर दिया आवेदन

# उपसरपंच पर अवैध कब्जे का आरोप पूर्व सरपंच ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

समीपस्थ ग्राम पंचायत बिटाल की पूर्व सरपंच गंगाबाई आर्य ने जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल सहित छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अलावा संबंधित जनप्रतिनिधि, अधिकारियों को शिकायत पत्र प्रेषित कर उप सरपंच बलवंत साहू पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई कर अवैध कब्जा हटाने की मांग की है।

इसके साथ ही उन्होंने आगामी दिनों में उग्र आंदोलन किए जाने की बात कही है। शिकायतकर्ता गंगाबाई आर्य ने बताया कि ग्राम पंचायत बिटाल के उपसरपंच बलवंत साहू द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर दो भवन का निर्माण किया जा रहा है, जो पूरी तरह अवैध है, अनुचित है। उक्त भूमि शासकीय भूमि है और शासकीय भूमि पर ग्राम पंचायत बिटाल के उप सरपंच के द्वारा दबंगई, दादागिरी दिखाते हुए शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, जिसे लेकर दल्ली राजहरा एसडीएम श्री सोनकर के समक्ष प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।



इस संबंध में अधिकारियों का कहना है किसी शासकीय भूमि पर अगर अवैध कब्जा या अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है, तो जांच कर उचित और कड़ी बड़ी कार्रवाई की जाएगी, चाहे वह कोई भी हो कितना भी प्रभावशाली हो।

### शिकायत मिली, जांच के बाद होगी कार्रवाई

ग्राम पंचायत व बिटाल की पूर्व सरपंच गंगाबाई आर्य की शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत पर जांच चल रही है। जांच सही पाए जाने पर उपसरपंच बलवंत साहू के खिलाफ अवैध कब्जा को लेकर कार्रवाई कर अवैध कब्जा से मुक्त कराया जाएगा।

- **राम कुमार सोनकर**, एसडीएम।

### उन्होंने नहीं किया कब्जा

शासकीय पद पर रहते हुए उन्होंने कोई भी शासकीय भूमि पर कब्जा नहीं किया। वे गरीब व्यक्ति हैं। पूर्वजों के द्वारा जिस भूमि पर कब्जा है, उसी पर वे अपना जीवन यापन निर्वाह कर रहे हैं। व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण गंगाबाई आर्य शिकायत कर रही हैं।

- **बलवंत साहू**, उपसरपंच बिटाल।

### बच्चों को शोर करने से मना किया तो हुई पिटाई

**बालोद।** घर के बाहर शोर मचाते हुए खेल रहे बच्चों को शांत करने के लिए कहने पर वृद्ध महिला की पिटाई कर दी गई। घटना देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम नाहंदा की है।

पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस के अनुसार गांव के नरबदीया बाई 4 अप्रैल के दोपहर करीबन 3 बजे अपने घर के पास गली चौरा पर बैठी थी। उस समय गांव के बच्चे गली में खेलते हुए चिल्ला रहे थे। बच्चों को शोर करने से उन्होंने मना किया। इस बात को लेकर पड़ोस के रहने वाली सवाना बाई व उसकी बहू सरिता बाई ने बच्चों को खेलने के लिये क्यों मना कर रहे हो, कहते हुए गाली गलौज करते हुए तथा मारपीट की। नरबदिया ने पुलिस को बताया कि सरिता बाई ने डण्डे से उसकी पिटाई की, जिससे उसके शरीर में चोटें आई हैं। वहीं, महिला की शिकायत पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

# राष्ट्रीय जु जित्सू स्पर्धा में बालोद जिले के खिलाड़ियों ने जीते 6 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय जु जित्सू प्रतियोगिता में बालोद जिले के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 1 रजत एवं 4 कांस्य सहित कुल 6 पदक अपने नाम किया।

लखनऊ उत्तरप्रदेश के चौक स्टेडियम में 29 मार्च से 2 अप्रैल 2024 तक 5 दिवसीय जु जित्सू राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधत्व कर रहे बालोद जिले के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक एवं 4 कांस्य पदक जीत कुल 6 पदक अपने नाम किया। जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के चेयरमैन आईपीएस आरिफ शेख, अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा एवं महासचिव राणा अजय सिंह के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम ने 5 स्वर्ण पदक, 12 रजत पदक एवं 18 कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। छत्तीसगढ़ टीम एवं बालोद जिले की इस उपलब्धि पर अध्यक्ष जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ बालोद कमलेश सोनी, उपाध्यक्ष नितिन यादव, संरक्षक राजेश सोनी, सहसचिव मिथलेश चंदन, कोषध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद साहू ने समस्त खिलाड़ियों एवं कोच सुरेश शांडिल्य के प्रति हर्ष व्यक्त किया। मार्शल आर्ट क्लब बालोद के सहायक कोच प्रांजलि शांडिल्य, आर्यन साहू, नूतन कुमार, कीर्तन साहू ने भी सभी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर किया। सहसचिव जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ बाबूराव जनबंधु, सरगुजा जोन प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, बस्तर जिला सचिव यतीश्वर राव, दुर्ग जिला सचिव देवा साहू, रायपुर जिला सचिव सूरज वर्मा, राजनांदगांव जिला सचिव तरुण वरकड, बेमेतरा जिला सचिव शिव दयाल पाटिल, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी जिला सचिव मो. असजद रजा, कोच तेजस राहुल समस्त जिला सचिव, कोच ने छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर किया और आगे होने वाले एशियाई चौंपियनशिप की तैयारी के लिए प्रदेश स्तर पर रूपरेखा तैयार करने अपनी सहमति जताई।





### जिले के इन खिलाड़ियों ने जीता पदक

प्रतियोगिता में बालोद की वैष्णवी सोनी ने अंडर 16 बालिका वर्ग माइनस 57 वेट केटेगरी में स्वर्ण पदक, निपानी के यश कुमार ने अंडर 14 बालक वर्ग माइनस 48 वेट केटेगरी में रजत पदक, बालोद के मो. राशिद रजा अंडर 14 बालक वर्ग माइनस 44 वेट केटेगरी में कांस्य पदक, सौम्य सलामे अंडर 14 बालक वर्ग माइनस 57 वेट केटेगरी में 2 इवेंट में 2 कांस्य पदक एवं कामिनी तारम अंडर 18 बालिका माइनस 63 वेट केटेगरी में कांस्य पदक जीता।

### रेलवे ट्रैक पर मिली बीएसपी अधिकारी की लाश, जांच शुरू

**भिलाई।** बीएसपी अधिकारी की रेलवे ट्रेक पर लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। शव को पीएम के लिए मरचूरी भेजा गया। स्मृति नगर चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया शनिवार की सुबह 7.30 सूचना मिली कि बटालियन रेलवे ट्रैक पर अज्ञात ट्रेन से कटने से मौत हो गई। तुरंत पुलिस मौके पर पहुची और घटनास्थल के पास से बाइक भी मिला। जांच के बाद पता चला कि शव बीएसपी अधिकारी सेक्टर 8 निवासी राम कृष्ण उइके 54 वर्ष का है। मृतक बीएसपी के प्लेट मिल में कार्यरत था। शुक्रवार को अपनी मां का जन्म दिन मनाने दुर्ग परिवार समेत गया था। उसके बाद आने के बाद सभी अपने कमरे में सो गए।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### वाहन चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** दो पहिया वाहन चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सुपेला, छावनी, जामुल, भिलाई तीन, मोहन नगर, दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र में दो पहिया वाहन चोरी हुई थी। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। सूचना पर पुलिस ने कोडिया रोड कुम्हारी निवासी लक्ष्मण बारले जामुल थाना क्षेत्र में वाहन को बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश में घूम रहा था। आरोपी लक्ष्मण को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। उसके पास से 6 बाइक और 4 एक्टिवा वाहन को जप्त किया गया है। उक्त वाहनों की कीमत 8 लाख रुपए आंकी गई है।

### आईपीएल सट्टा खिलाते तीन सटोरिए गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में ऑनलाइन सट्टा संचालित करते तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मौदहापारा थाना क्षेत्र में मोबाइल से ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खिलाते अभिषेक गोयल को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा सरस्वती नगर पुलिस ने आशु शर्मा तथा मुकेश राव को सट्टा खिलाते गिरफ्तार किया है। दोनों युवक घर की छत से सट्टा संचालित करते पकड़े गए।

### भाजपा सबसे बड़ी पार्टी, जिसके करोड़ों सदस्यः सांसद विजय



**भिलाई।** भाजपा जिला कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला भिलाई में भारतीय जनता पार्टी 44वें स्थापना दिवस मनाया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर मनाया गया। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा के 44वें स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। सन 1994 में भाजपा के दो सांसद हुआ करते थे। अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री पद पर छः साल रहे। उनके कार्यकाल में बहुत से कार्य हुए। हम सभी अपना छत्तीसगढ़ राज्य मिला। उनके अधूरे कार्यों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा कर रहे है।

# पीएससी पेंड्रावन में गायब मिले फार्मासिस्ट, रिकार्ड भी नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्वास्थ्य विभाग के अधीन केन्द्रों में लगातार लापरवाही सामने आ रही है। शनिवार को सीएमएचओ के दबिश के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पेंड्रावन में मरीजों और दवाईयों का रजिस्टर में जानकारी नही पाई गई। अस्पताल से फार्मासिस्ट गायब रही, वही यहां गंदगी का भी आलम पाया गया। जिस पर सीएमओ ने प्रबंधन को जमकर फटकार लगाई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेपी मेश्राम की अगुवाई में शनिवार को निरिक्षण किया गया। इस दौरान आदर्श आचार निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने निर्धारित समय एवं मुख्यालय में रह कर कार्य का संपादन करने कहा गया। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी संस्थाओं ओआरएस कॉर्नर बनाने एवं समस्त राष्ट्रीय कार्य एनसीडी, टीकाकरण, डाटा एंट्री ऑपरेटर को समय पर पूर्ण करने के लिए कहा गया। मलेरिया फाइलेरिया कुष्ठ, टीबी के कार्य में प्रगति लाने सभी संस्थाओं में अनिवार्यता निरीक्षण पंजी, मुवमेंट रजिस्टर का संधारण करने कहा गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ जेपी मेश्राम, कार्यक्रम नोडल अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सीपीएम, बीपीएम एवं कंसलटेंट की टीम गठित एचडब्ल्यूसी महमरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुरसुल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुरा, एचडब्ल्यूसी हिर्री, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेनड्रावन भ्रमण किया गया।

## सीएमएचओ की टीम ने स्वास्थ्य केन्द्रों में दी दबिश, मिली कई खामियां

### बोरी में भी मिली खामियां

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेनड्रावन में अनियमितता पाई गई। यहां निर्धारित टारगेट से प्रसव बहुत कम पाया गया। वहीं सफाई का अभाव, दवाई का भंडारण सही नहीं पाया गया। फार्मासिस्ट उपस्थित नहीं थी, लैब में रजिस्टर नहीं पाया गया। जिससे मरीजों के बारे में जानकारी नहीं भी दर्ज नही था। वही बोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट को एक माह की सैलरी रोकने एवं प्रभारी अधिकारी को नोटिस देने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए गए।



### कलेक्टर ने भी पकड़ी थी गड़बड़ी

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा तीन अप्रैल को रिसाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समय का ध्यान न रखने और देरी से काम पर आने वाले कर्मचारियों पर उन्होंने नाराजगी जताई थी। उन्होने समय पर नहीं आते उन्हे नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा था। उन्होने एक्सपायरी दवाईयों तुरंत हटाने के निर्देश दिए थे। वहीं उतई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए थे। उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## अपराध : आरोपी युवक गैंगस्टर के निकले रिश्तेदार

# गैंगस्टर तपन के वाहन की रेकी चार युवकों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गैंगस्टर तपन सरकार को सेंट्रल जेल दुर्ग से जगदलपुर जेल में शिफ्ट करने के दौरान उसकी रेकी की जा रही थी। पुलिस की नजर पड़ी तो इन युवकों को धर दबोचा। पकड़े युवक गैंगस्टर तपन के रिश्तेदार निकले।

सेंट्रल जेल दुर्ग में एसपी की टीम की दबिश के बाद गैंगस्टर तपन सरकार को न्यायालय से जगदलपुर जेल में शफ्टि करने का आदेश जारी हुआ था। उसके बाद पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के साथ तपन को वाहन में सड़क मार्ग से जगदलपुर ले जाया जा रहा था। इस दौरान जेल वाहन का पीछा चार पहिया वाहन में सवार चार व्यक्ति कर रहे थे। चारों आरोपियों को कुछ समय के लिए कांकेर थाने में रोका गया और दुर्ग की क्राईम टीम को चारों को पुलिस ने सौंपा। दुर्ग जेल से सेंट्रल जेल जगदलपुर ट्रांसफर करने के दौरान तपन सरकार जिस वाहन में था। उस वाहन का एक काले रंग का पश्चिम बंगाल पासिंग नंबर वाहन पीछा कर रहा था। जेल वाहन में शामिल कर्मियों को शंका हुआ। इसकी जानकारी पुलिस के अफसरों को घटना की जानकारी दी। अफसरों के नर्दिश पर कांकेर थाना के पास जेल वाहन रूका और पीछा कर रहे वाहन को भी पुलिस ने रोका। उनसे पूछताछ करने पर कार सवार चारों युवकों ने अपना नाम विप्ला उर्फ बेन्टू सरकार, मनीष दुबे, अमित सरकार ,अंकित सिंह सभी मोहन नगर दुर्ग बताया है। चारों आरोपियों को क्राईम ब्रांच के एएसआई की टीम ने चारों को दुर्ग लेकर आई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और एसपी जितेन्द्र शुक्ला की टीम ने 27 मार्च की सुबहदुर्ग सेंट्रल जेल में दबिश दिया था। कार्रवाई के बाद जेल से कई आपत्तिजनक सामान भी मिले थे। जिसके बाद जेल के राउंड अप ऑफिसर अशोक साव को चक्कर से हटाकर जेल के जेजे शाखा शिफ्ट कर दिया गया था। इसके अलावा तपन सरकार और नितिन लिम्बु उर्फ मुंकू नेपाली का जेल प्रशासन की ओर से जेल अधीक्षक मनीष संभाकर ने दुर्ग और राजनांदगांव के न्यायालय में जेल ट्रांसफर को लेकर आवेदन पेश किया गया था। जेल अधीक्षक ने न्यायालय में पेश होकर इनके लिए जेल ट्रांसफर का निवेदन किया था।

### जगदलपुर जेल शिफ्ट करते समय की घटना






■ कांकेर से क्राइम ब्रांच की टीम लेकर आई

रेकी करने वाले चारों युवक पुलिस की गिरफ्त में।

### जिले के अपराधियों में खौफ

एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने जबसे जिला का कमान संभाला है। तबसे अपराधियों में पुलिस का खौफ दिखने लगा है। पुलिस जिले में लगातार अभियान चलाकर अपराध और अपराधियों के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है। जिसके चलते कई बड़े अपराधी जिला छोड़ने में ही अपनी भलाई समझ रहें है। इसके अलावा जेल में दबिश देने के बाद गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ पुलिस बड़ा अभियान चला रखा है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस जिले की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर ढंग निपटने की व्यवस्था में जुटी हुई है। जिले के भीतर हर आने जाने वाले वाहनों और संदिग्धों से लगातार चेकिंग भी किया जा रहा है।

### वज्र वाहन कमजोर पड़ने पर बस से ले जाया गया

बताया जा रहा है कि ट्रांसफर आवेदन लगाने के बाद जेल अधीक्षक खुद कोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने तपन सरकार के जेल ट्रांसफर के लिए न्यायाधीश सुनीता टोप्पो के कोर्ट में उनके समक्ष अपना पक्ष रखा था। जिसके बाद न्यायाधीश ने तपन सरकार के जेल ट्रांसफर का आदेश जारी कर दिया। कोर्ट के आदेश के बाद तपन के जगदलपुर जेल भेजने के लिए वाहन लगाई गई। वज्र वाहन की सरकारी गाड़ी में सशस्त्र बल के साथ तपन को दुर्ग जेल से जगदलपुर के लिए रवाना किया गया। मगर वाहन काफी पुरानी और छोटी होने के कारण काफी धीरे चल रही थी। लंबे सफर के हिसाब से वाहन कमजोर थी। सूचना तत्काल पुलिस लाइन दुर्ग में दी गई। इसके बाद जिला अस्पताल में जब डॉक्टरी मुलाहिजा के लिए वाहन को रोका गया। तब उस वाहन को बदलकर सरकारी बड़ी बस में उसे सीधे जगदलपुर रवाना किया गया।

### युवकों पर कार्रवाई

तपन को जब जेल शिफ्ट किया जा रहा था। तब जेल वाहन का पीछा करने वालो की सूचना पुलिस को मिली। तुरंत पुलिस ने जेल वाहन को कांकेर में रोक कर पीछे करने वालों को भी रोका गया। इसके बाद चारों से पूछताछ कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। अपराधियों के लिए जिले में कोई जगह नहीं।

**-जितेन्द्र शुक्ला,** एसपी दुर्ग

## घटना खुर्सीपार थाना क्षेत्र की

# ट्रक कंडक्टर से लूटपाट करने वाले तीन धरे गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रक कंडक्टर से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 392 के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर व क्राइम एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि ग्राम अमडिहा पोस्ट परसवार थाना बहरी जिला सिधी एमपी निवासी अंकित बंसल ट्रक कंडक्टर का काम करता है। अपने ड्राईवर रोहित पाण्डेय के साथ राजस्थान ट्रांसपोर्ट रावण बलौदाबाजार से ट्रक सीजी 04 पी.क्यू, 7468 में सीमेंट लोड करके बालोद जा रहे थे। इस दौरान 3 अप्रैल की रात खुर्सीपार सिग्नल के पहले रूके। जहां ट्रक का हवा चेक कराया गया। उसके बाद अंधेरे मे पेशाब करने उतरे थे। तभी कुछ युवक अचानक आए और लूटपाट कर फरार हो गए। थे। जिसकी शिकायत खुर्सीपार पुलिस में किया था। पुलिस ने खोजबीन करने पर पता चला कि शिवाजी नगर खुर्सीपार गेट निवासी मुर्गेश नायर और उसका दोस्त खाने पीने का काफी सारा सामान साथी शिवाजी उडिया बस्ती में नीम पेड़ के नीचे रखे हुए थे। पुलिस ने उडीया बस्ती पहुंच कर घेराबंदी कर मुर्गेश समेत अन्य को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी मुर्गेश ने पुलिस को बताया कि लूट के रकम 7,200 रूपये क मोहितो उर्फ भूरू बंजारे, एचएससीएल कालोनी सडक 4 खुर्सीपार शेखर गुप्ता आपस में बांट लिए थे। इस कार्रवाई सीएसपी हरीश पाटील, डीएसपी क्राइम हेम प्रकाश नायक, में खुर्सीपार थाना प्रभारी वंदिता पनिकर समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### आरोपी मुर्गेश पर 22 अपराध दर्ज है

पुलिस ने बताया कि लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी मुर्गेश नायर के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में 22 अपराध दर्ज है। इसके अलावा मोहित उर्फ भुरू बंजारे के खिलाफ थाने में 3 प्रकरण दर्ज है। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर तब संदेह हुआ जब शराब पीने के लिए काफी सारा चखना सामने रख कर शराब पीने की तैयारी में जुटे थे। सूचना पर पुलिस ने तीनों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।

## 3 हजार मिलियन क्यूबिक फीट पानी तादुंला जलाशय से छोड़ने का है निर्णय

# गर्मी में 600 तालाब भरे जा रहे, खम्हरिया माइनर बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*भीषण गर्मी में निस्तारी संकट को देखते हुए जिले के 600 तालाबों को भरे जाने जलाशय से पानी छोड़ा गया है लेकिन दुर्ग भिलाई के तालाबों में पानी पहुंचा ही नहीं था और खम्हरिया माइनर नहर बंद कर दिया गया है। तांदुला जलाशय से दो दिनों तक ही इस माइनर के जरिए तालाबों में पानी भेजा गया था। अब यहां के नहर फिर से सूख गए हैं।*

### तादुंला से 3 हजार मिलियन क्यूबिक फीट पानी है छोड़ना

तादुंला जलाशय से ही दुर्ग और बेमेतरा जिले के तालाबों के लिए पानी हर साल छोड़ा जाता है। दोनों जिले में 600 तालाबों भरने के लिए 3 हजार मिलियन क्यूबिक फीट पानी की डिमांड की गई है। लोगों की मांग के बाद सप्ताहभर पहले ही जलाशय से माइनरों के माध्यम से तालाबों के लिए पानी छोड़ा गया था। खम्हरिया माइनर से दुर्ग भिलाई के तालाबों को भरने के लिए दो दिन ही पानी जा पाया था और अब अचानक पानी देना बंद कर दिया।



### हैंडपंपों का गिर गया है जलस्तर

तालाबों में हर साल पानी भरने से आसपास के हैंडपंपों का जलस्तर बढ़ जाता है। दुर्ग भिलाई के 16 तालाब भरे जाने हैं। इन दिनों हैंडपंपों का जलस्तर इतना नीचे चला गया है कि पानी नहीं निकल रहा है। तालाबों को भरने से जलस्तर सुधरेगा और लोगों को पानी संकट से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

### खम्हरिया माइनर का पानी इन तालाबों में है पहुंचता

तांदुला जलाशय से छोड़ा गया पानी खम्हरिया माइनर से होते हुए उतई, मरोदा, मरोदा टैंक, रिसाली, रूआबांधा तालाब पहुंचता है। रूआबांधा से कटकर सेक्टर एरिया होते हुए भिलाई खुर्सीपार एरिया और दुर्ग के तालपुरी, बोरसी क्षेत्र से गुजरता है। ठगड़ाबांधा से दीपकनगर दुर्ग, पोटिया, सिविल लाइन शीतला तालाब, सिकोला, शक्तिनगर तालाब आता है। वहीं बीएसपी से होते हुए डबरापारा, भिलाई तीन के आसपास तालाबों को भरा जाता है। यहां से जामुल, अहिवारा होते हुए धमधा तक पहुंचता है।

### नहरों की नहीं सुधरी जर्जर हालत

जलाशयों से पानी हर साल छोड़ा जाता है। गर्मी के दिनों में तालाब भरने और रबी फसल के लिए भी किसानों को पानी दिया जाता है। नहरों के माध्यम से ही पानी दिया जाता है। नहरों की हालत काफी जर्जर है। इस जर्जर नहरों से हर साल पानी देने से सबसे ज्यादा पानी की बर्बादी गर्मी के दिनों में होती है। गर्मी के दिनों में जलाशयों में भी पानी कम होता है और पेयजल के लिए संरक्षित रखना पड़ता है। ऐसी स्थिति में जर्जर नहरों का संधारण बेहद जरूरी है। जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों का संधारण करने के लिए दो साल से प्रस्ताव भेजा गया है लेकिन अब तक यह फाइलों में ही कैद रह गया है।

**नहरों की हुई औपचारिक सफाईः** गांव स्तर पर ग्राम पंचायतों को और शहरी क्षेत्रों में संबंधित नगर निगमों को नहरों की साफ सफाई करवानी थी। साफ सफाई तो करवाई गई है लेकिन कचरा अब भी नहरों में छूट गया है।

### बालोद के पास ब्रिज निर्माण

तांदुला जलाशय बालोद से यहां के तालाबों के लिए पानी छोड़ा गया था। इस दौरान बालोद के पास ब्रिज निर्माण का कार्य होने की वजह से पानी छोड़ना बंद कर दिया गया है। हमने जल्द ही पानी नहरों में फिर से छोड़ने चर्चा की है। एक- दो दिन में पानी तादुंला जलाशय से छोड़ दिया जाएगा।

**सुरेश कुमार पांडेय,** ईई जल संसाधन विभाग दुर्ग

# पुलिस जवानों ने निकाला शहर में फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विगत दिवस कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

संभागायुक्त एसएन राठौर ने पुलिस एवं प्रशासन व्दारा चुनाव की अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा कर आदर्श आचार संहिता का गंभीरतापूर्वक पालन सुनिश्चित किये जाने, मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक करने, शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये अधिकारियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी। बैठक के उपरांत जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व्दारा सैकड़ों पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के साथ शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आम नागरिकों व्दारा बिना किसी भय के मतदान करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से फ्लेग मार्च निकाला गया। फ्लेग मार्च के पूर्व रामगोपाल गर्ग पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज व्दारा फ्लेग मार्च के उद्देश्य से सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को अवगत कराया। फ्लैग मार्च कलामंदिर से होते हुये ग्लोब चौक, सेक्टर-09 अस्पताल तिराहा, 32 बंगला तिराहा, व्हाई शेप ब्रिज से होते हुये दुर्ग क्षेत्र के लगभग सभी मोहल्लों में फ्लेग मार्च किया गया। इस अवसर पर संभागायुक्त एसएन राठौर, पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला, एडीएम अरविन्द एक्का, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन आदि उपस्थित थे।

# कर्मा जयंती पर राजेन्द्र ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आज कर्मा जयंती के अवसर पर दुर्ग लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने विभिन्न स्थानों में समाजिकजनों से मुलाकात की है।

■ त्याग, भक्ति, समर्पण की देवी है मां कर्मा





राजेन्द्र साहू दुर्ग, भिलाई, अहिवारा, दुर्ग ग्रामीण विधान सभा के विभिन्न स्थानों में आयोजित भक्त माता कर्मा जंयती पर पूजा अर्चना में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान राजेन्द्र साहू ने माता कर्मा की भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्ति की बात कही, उन्होंने कहा कि, माता कर्मा भक्त शिरोमणी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। परम् आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी देश-विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी कर्माबाई की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षो से चली आ रही है। कार्यक्रम में साहू समाज के पोषण साहू कुंती साहू, लिखन साहू, मनीष साहू लक्ष्मण साहू योगेन्द्र नाथ साहू टिकाराम साहू छोटू साहू तिजूराम साहू टीकाराम साहू केवल साहू जीवन लाल साहू, कौशल साहू, नीलकमल साहू, खिलावन साहू, नरेश साहू, प्रेम साहू, मुकेश साहू, ईश्वर साहू, गिरवर साहू, रामजी लाल साहू, मनीष साहू, नाथूलाल साहू सहित अन्य थे।

### 10 को पूर्ण मतदान के लिए ली जाएगी शपथ

**दुर्ग।** 10 अप्रैल को जिला दुर्ग में आधी आबादी की पूरी है तैयारी को चरितार्थ करने जिले के सभी आंगनबाड़ी, सेक्टर कार्यालय, परियोजना कार्यालय एवं जिला स्तर पर खालसा स्कूल में मातृ शक्ति द्वारा व शत-प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प लिया जाएगा ।


## अपडेशन नहीं होने के कारण रूकी टैक्स की वसूली

# स्पैरो के 80 लाख कमीशन पर तलवार, डाटा का चल रहा मिलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वित्तिय वर्ष की शुरूआत होने के बाद भी नगरनिगम को स्पैरो कंपनी द्वारा राजस्व वसूली का डाटा नही दिए जाने के चलते करीब 80 लाख रूपए के कमीशन पर तलवार लटक सकती है। हांलाकि अफसरों का दावा है कि, डाटा मिल गया है। जिसके बाद अपडेशन का कार्य किया जा रहा है। लेकिन वर्तमान में नई वित्तिय वर्ष शुरू होने के बाद भी प्रक्रिया शुरू नही हो पाई है।

उल्लेखनीय है कि, स्पैरो साफ्टेक के टेंडर की अवधि विगत 31 मार्च 2024 को समाप्त हो चुकी है। बहरहाल वसूली की पूरी जिम्मेदारी नगरनिगम के राजस्व अधिकारियों के उपर है। एक अप्रैल से




टैक्स वसूली शुरू हो जाना था। लेकिन अब तक इसलिए शुरू नही हो सकी हैं, क्योंकि कंपनी द्वारा दिए गए डाटा को साफ्टेयर में अपडेशन किया जा रहा है। इसके लिए पन्द्रह दिन का समय लगने की बात कही जा रही है। ऐसे में टैक्स जमा करने वाले वापस निगम से लौट रहे है। वही दो दर्जन राजस्व कर्मचारी होने के बाद भी निगम वसूली कार्य कराने के बजाय लाचार हो गया है। उच्च अधिकारियों का कहना है कि, अपडेशन का कार्य पहले ही कर लिया जाना था। लेकिन निगम प्रशासन द्वारा बरती गई चूक के चलते पन्द्रह दिन का समय लग सकता है। आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने बताया कि, कंपनी द्वारा डाटा उपलब्ध करा लिया गया है। करीब 80 लाख रूपए कमीशन सहित अन्य मद की राशि है। डाटा मिलान के बाद आगे निर्णय लिया जाएगा। बहरहाल पिछले पांच साल के कमीशन को निगम प्रशासन द्वारा कंपनी को भुगतान नही किया गया है। हर साल वसूल किए गए करीब दस फीसदी राशि को पिछले पांच साल से रोका गया है। निगम प्रशासन द्वारा वर्तमान में डाटा का मिलान किया जा रहा है। पूरी तरह से हिसाब किताब मिलने के बाद ही कंपनी को भुगतान किए जाने की तैयारी है।

### पहले कई मामले इसलिए भी सवाल

शहर के वार्ड क्रं. 9 में एक प्रकरण में कुल 20,675 रूपए टैक्स निर्धारित किया गया। स्पैरो कम्पनी के कर्मचारियों ने असिसमेंट को दरकिनार कर प्रापर्टी धारक से महज 9,129 रूपए वसूले। वार्ड क्रं. 43 में महाराजा चौक के पास स्थित प्रापर्टी का असिसमेंट हुआ, तो भवन का सम्पत्तिकर 52 हजार से ज्यादा निर्धारित किया गया। शिकायत के बाद जांच हुई तो टैक्स की राशि बढ़कर 1 लाख रूपए से ज्यादा निकली। इसी तरह वार्ड क्रं. 9 में पुसऊ राम चंद्राकर की सम्पति का असिसमेंट कर 68,016 रूपए टैक्स निर्धारित किया गया, लेकिन कम्पनी के कर्मचारियों से महज 19,283 रूपए बतौर टैक्स जमा करवाया। इस तरह स्टेशन रोड, बोरसी रोड जैसे मामले आ चुके है। इसके आलावा मामला पुलगांव वार्ड 55 से संबंधित था। बीटोबेको कार्पोशन की प्रॉपर्टी टैक्स की आईडी 5500683 वार्ड 2005-06 से वर्ष 2021-22 तक प्रॉपर्टी टैक्स 6,11884 रु. का डिमांड जारी किया गया था। जिंसमे समेकितकर यूजर चार्ज एवं शिक्षा उपकर शामिल था। उसी दिवस 1 लाख 07 हजार 402 रु. नगर निगम एजेंसी द्वारा वसूल की गई। इसमें आयुक्त द्वारा जांच समिति का गठन किया गया था। जिसमें स्पैरो एजेंसी को दोषी बतलाया गया था। इसकी शिकायत आप पार्टी के नेताओं ने भी की थी। लेकिन कार्यवाही नही हुई।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने की जिला प्रभारियों की नियुक्ति

**रायपुर।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रभारियों की नियुक्ति की है। सुबोध हरितवाल को बिलासपुर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी, दिनेश शर्मा को मुंगेली, कृष्णा दुबे को खैरागढ़-गंडई-छुईखदान और शारिक रईस खान को गरियाबंद का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### कक्षा पहली में प्रवेश के लिए उम्र 6 वर्ष निर्धारित करें

**रायपुर।** प्रायवेट स्कूलों एवं स्वामी आत्मानंद स्कूलों में छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश दिया जा रहा है, जिसको लेकर छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन ने नाराजगी जताई है और संचालक को पत्र लिखकर कक्षा पहली के लिए उम्र 6 वर्ष निर्धारित करने की मांग की है। पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों में 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश दिया जा रहा है, जो शिक्षा का अधिकार कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। वैसे ही आरटीई के अंतर्गत प्रायवेट स्कूलों में कक्षा पहली के लिए 5 वर्ष के बच्चों को प्रवेश दिया जा रहा है।, जबकि शिक्षा का अधिकार कानून में कक्षा पहली के लिए उम्र 6 वर्ष निर्धारित है तो नई शिक्षा नीति के अनुसार कक्षा पहली के लिए उम्र 6 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। केंद्र सरकार ने 15 फरवरी को पत्र लिखकर कक्षा पहली के लिए उम्र 6 वर्ष निर्धारित करने के निर्देश दिए हैं।

### ई-बस के लिए नए साल तक करना होगा इंतजार

**रायपुर।** राजधानीवासियों को ई-बस की सवारी के लिए अब नए साल तक इंतजार करना होगा। नगर निगम ने 10 ई-बसों की खरीदी के लिए ऑनलाइन टेंडर निकाला, इसमें दिल्ली की जेबीएम कंपनी क्वालीफाई हुई। बसों के रेट एप्रूवल का काम आचार संहिता लागू होने के चलते अटक गया है। चुनाव के बाद ही इस संबंध में प्रस्ताव एमआईसी की बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। पंद्रहवें वित्त आयोग से रायपुर नगर निगम को राजधानी में 10 ई-बसें खरीदने और 4 जगहों पर चार्जिंग स्टेशन खोलने 20 करोड़ की राशि मिली है। बसों की खरीदी के लिए ऑनलाइन टेंडर में आधा दर्जन कंपनियां शामिल हुईं। दस्तावेजों की जांच उपरांत दिल्ली की जेबीएम कंपनी क्वालीफाई हुई। टेंडर में 10 साल तक बसों की मरम्मत और संचालन की शर्त शामिल है। अनुबंध की शर्त के हिसाब से चयनित कंपनी राजधानी के लिए 32 सीटर 10 ई-बसें उपलब्ध कराएगी।

### भगवान श्रीराम का पाठ करने से समस्याएं होती हैं दूर

**रायपुर।** भगवती मां दुर्गा ने भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश को बनाया है और उन्हें अपनी शक्तियां प्रदान की हैं, जिसकी सहायता से वे सृजन, पालन और संहार का कार्य करते हैं। भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश को मां दुर्गा ने उत्कील महामंत्र प्रदान किया है, इससे वे अपने कार्य को भली-भांति संपन्न करते हैं। ये बातें महाब्रह्मर्षि श्रीकुमार स्वामी ने श्रीनगर स्थित मारुति मंगलम भवन में दो दिवसीय 6 से 7 अप्रैल को आयोजित प्रभु कृपा दुख निवारण समागम में श्रद्धालुओं से खचाखच भरे पंडाल में समागम के पहले दिन शनिवार को व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा कि जो भगवान श्रीराम का पाठ करता है, उसे तत्क्षण ही सभी दुखों, रोगों और समस्याओं से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। समागम में श्रद्धालुओं के अनुभव सुनकर वहां उपस्थित डॉक्टर, वैज्ञानिक और बुद्धजीवी आश्चर्यचकित रह गए।

## निधन

### भुवन सिंह चंद्राकर



**अंडा।** ग्राम अंडा गुड़ी चौक निवासी भुवन सिंह चन्द्राकर (83) का 6 अप्रैल को निधन हो गया। वे विजय चंद्राकर शिक्षक और अजय चन्द्राकर के पिता जी तथा सुमीत चन्द्राकर व अविनाश चन्द्राकर के दादा जी थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

---

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने गुंडरदेही ब्लाक के कार्यकर्ताओं की ली बैठक, भरा जोश

# कांग्रेस की गारंटियों व केंद्र की मोदी सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाएं : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही





प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बस्तर सांसद दीपक बैज ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही की बैठक ली। बैठक में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर को जीताने के लिए कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की विफलताओं को उजागर कर जन–जन तक पहुंचाने के दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के न्याय पत्र (घोषणा पत्र) के पांच न्याय गारंटी की विस्तृत जानकारी प्रेस वार्ता लेकर दी। प्रेस वार्ता में श्री बैज ने बताया कि कांगेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी की उपस्थिति में जारी किया।

कांग्रेस का घोषणा पत्र 16 सदस्यी कमेटी ने चिदंबरम की अध्यक्षता में व्यापक जन भागीदारी सुझाव के बाद घोषणा पत्र बनाया गया। इस घोषणा पत्र में 5 न्याय स्तंभ के रूप में हैं तथा 25 गारंटी जनता के लिए हैं। युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय कांग्रेस के घोषणा पत्र के प्रमुख बिन्दु है। इसके साथ ही बुजुर्गों, अनुसूचित जाति, जनजाति अल्पसंख्यको, गरीबो, विद्यार्थियो सभी समुचित विकास का ध्यान कांग्रेस के घोषणा पत्र में रखा गया है। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री व विधायक अनिला भेड़िया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू, जागृत सोनकर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू, केदार देवांगन, महामंत्री रत्तीराम कोसमा, संगीता नायर, डॉ नारायण साहू, दिनेश साहू, केके राजू चंद्राकर, संजय साहू, तोरण चंद्राकर, संजय बारले, तरुण पारकर, सलीम खान, सुनील चंद्राकर, युगांत चंद्राकर, रमादेवी ठाकुर, तामेश्वर देशमुख, दीपक साहू, मानसिंह देशलहरा, तरुण साहू, अनिल कटहरे, अनुभव शर्मा, रिजवान तिगाला, सागर साहू, प्रवेश जैन, ममता चंद्राकर, अमृतानंद, उस्मान रजा, डोमन देशमुख, शिवकुमार, पवन सिन्हा, अभिषेक यादव, पुनम साहू सहित सैकड़ो कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए कार्य करें : निषाद

गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने समस्त कांग्रेसजनों से विधानसभा चुनाव की तरह एकजुटता दिखाते हुए कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर को विजयी बनाने का आग्रह किया। लोकसभा समन्वयक एवं केशकाल के पूर्व विधायक संतराम नेताम ने भूत–प्रेत भगाने वाले के बजाय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास करने वाले व्यक्ति को सांसद चुनने का निवेदन किया।

### सभी कार्यकर्ता स्वयं को बीरेश ठाकुर समझकर काम करें

कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर ने कहा कि पिछले चुनाव में भी आप सबके बीच प्रत्याशी रहा हूं और बहुत कम अंतर से हार का सामना करना पड़ा, फिर भी सभी के सुख दुख में और कांग्रेस संगठन में सक्रिय रहा हूं। आप सब कार्यकर्ता अपने आप को बीरेश ठाकुर मानकर चुनाव में जुट जाएं।

# हिन्दू नववर्ष की शुरुआत कल से, दीप जलाकर स्वागत करने का आग्रह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारत भूमि की संस्कृति को सुशोभित करने वाला हिंदू नव वर्ष 9 अप्रैल 2024 को चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर की संचालन समिति मां सरस्वती शिक्षा समिति जामगांव आर के पदाधिकारियों सदस्यों ने हिन्दू नववर्ष धूमधाम से मनाने का आव्हान किया है। कामता प्रसाद साहू, गोवर्धन चंद कोचर, बसंत शिंदे, एके जैन, डा एनके चंद्रवंशी, प्रमोद जैन, देवनारायण साहू, डॉ केएस देवांगन, श्यामलाल चंद्राकर, मीठालाल केला, डॉ गुलाब साहू ने हिंदू नव वर्ष पर घर-घर दीप जलाने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि घर-घर दीप जलाएं, मंगल गीत गाएं, भगवान की पूजा-अर्चना कर हिन्दू नववर्ष की शुरुआत करें।

प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि 9 अप्रैल को 10 बजे विद्यालय में हिंदू नव वर्ष पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है।



# पचरी निर्माण में मनमानी

**गुण्डरदेही।** ब्लाक के ग्राम पंचायत देवरी (क) में ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधियों पर मनमानी करते हुए तालाब में पचरी मरम्मत में लापरवाही पूर्वक काम करने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों ने बताया कि तालाब में क्षतिग्रस्त पचरी की मरम्मत का काम ग्राम पंचायत द्वारा कराया गया है। इसमें गहराई को ध्यान में न रखते हुए पचरी के स्टेप को जमीन के लेवल से 3 फीट ऊपर कर दिया गया है। इससे वहां पर नहाने वाले बड़े बुजुर्गों व बच्चों को चढ़ने-उतरने में परेशानी होगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सुधार करने के लिए ग्राम पंचायत सरपंच को जानकारी भी दी, मगर सरपंच सचिव व रोजगार सहायक के अड़ियल रवैये के कारण कार्य में कोई सुधार नहीं किया गया।

### कलेक्टर ने किया प्रशिक्षण वीडियो क्लिप सांग का विमोचन

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने शनिवार को एनआईटी में आयोजित पीठासीन अधिकारी के प्रशिक्षण सत्र में वीडियो और विभिन्न प्रक्रियाओं पर आधारित प्रशिक्षण सांग का विमोचन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा चुनाव का कार्य कुशलता पूर्वक कराया जा सके, इसलिए जिला प्रशासन ने विशेष वीडियो तैयार किया है, जिसे देखकर मतदान प्रक्रिया की बारिकियों को समझ सके। इसके साथ ही विशेष रूप से मतदान पप्रत्र बनाया है, जिसमें मतदान की प्रक्रिया को सरलीकरण ढंग से समझाया गया है। कलेक्टर ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान हर बारीकियों को अच्छे ढंग से समझें।

# गुंडरदेही में हुआ गोंडवाना गोंड़ समाज का वार्षिक अधिवेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

विधायक कुंवर सिंह निषाद रविवार को आदिवासी भवन कोकड़ी पारा गुण्डरदेही में गोंडवाना गोंड़ समाज परिक्षेत्र द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने आदिवासी समाज के देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर समाज की खुशहाली की कामना की। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि गोंड़ समाज के वीर योद्धाओं ने आजादी के आंदोलन के 28 वर्ष पहले ही आजादी की लड़ाई शुरू कर दी थी। गोंड़ समाज के योगदान को कोई नहीं भुला सकता। उन्होंने कहा कि समाज के लड़के-लड़कियों को शिक्षित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जो समाज शिक्षित होता है, वह आगे बढ़ता है। गोंड़ आदिवासी समाज के कार्यक्रम से सभ्यता, संस्कृति का बोध होता है, आदिवासी समाज के लोग स्वभाव से सरल व सहज होते हैं।

# बदला मौसम, फूल-फल पर विपरीत असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में होली मनाने के बाद से तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही थी, लेकिन मौसम ने फिर अचानक करवट बदली और आकाश में काले बादल आने के साथ ही झमाझम बारिश का नजारा देखने को मिला। अचानक मौसम परिवर्तन होने से विभिन्न प्रकार के फल और फूलों पर इसका असर पड़ सकता है।

जिले में विभिन्न प्रकार की खेती ग्रीष्म काल के दरमियान की जाती हैं, जो ज्यादातर खुले मौसम पर आधारित हैं। मौसम के खराब होने पर सीधा असर फल और फूलों पर पड़ता है। जिसमें मुख्य रूप से गर्मी का राजा आम के फल और फूलों पर इसका असर पड़ सकता है। आम के विभिन्न प्रकार के प्रजातियों में अभी भी फूल नजर आ रहे हैं तथा कुछ में छोटे छोटे फल लगे हुए हैं, जो खराब मौसम के चपेट में आने से जमीन पर गिरने लगे हैं। वहीं गर्मी के दिनों में नीबू भी प्रत्येक घरों में एक उचित स्थान रखता है, जिसमें लगे फल और फूल भी खराब मौसम की चपेट में आकर झड़ रहे हैं।



### खराब मौसम का महुआ के फूलों पर असर

जिले के वनांचल क्षेत्रों में महुआ की उपज जंगल से प्राप्त हो रही है। इससे ग्रामीण अंचल के किसान व मजदूर वर्ग इसका संचयन कर रहे हैं। लेकिन मौसम के खराब होने से महुआ के फूलों पर असर नजर आने लगा है। जो महुआ के फूल उचित मौसम के अनुसार समय पर गिरते थे, उसका समय अचानक तापमान में कमी आने के कारण परिवर्तित हो गया है। महुआ के फूल को पेड़ से जमीन पर गिरने के लिए देर तक इंतजार करना पड़ रहा है। इसके साथ ही महुआ के बीनने के बाद उन्हें सुखाना भी एक बड़ी समस्या बन चुकी है, जिसके कारण इन्हें संचयन करने वाले लोग परेशान नजर आ रहे हैं।

# आगजनी की घटना से भयभीत परिवार कई रात में तो कुछ दूसरे दिन लौटे घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



गुढ़ियारी बिजली सब स्टेशन के गोदाम में आग लगने के कुछ घंटे बाद कृष्णानगर कालोनी के 40 से अधिक परिवारों को जान के भय से अपना घर छोड़ना पड़ा। घर पर ताला लगाकर सभी घरों के परिवार दूसरे कालोनियों में अपने रिश्तेदार व परिचितों के यहां रहने चले गए थे।

इनमें से कई परिवार रात 8 बजे के बाद आग पर काबू पाने के बाद वापस अपने घर लौट आए, वहीं कुछ परिवार घटना के दूसरे दिन सुबह घर लौटे। हरिभूमि से बातचीत करते हुए नूतन साहू ने बताया कि घटना के समय वह अपने तीन बच्चों के साथ घर पर थी। धमाकों की आवाज एवं आग की उठी भीषण लपटें देखकर वह काफी डर गई थी। कालोनी में भी भगदड़ की स्थिति थी। इसलिए वह भी अपने बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई थी। वापस लौटी तो पता चला कि उसके घर की छत में लगी पानी टंकी और पाइप आग के कारण पिघलकर खराब हो चुके हैं।

**जले ऑइल की बदबू ने दोपहर से देर रात तक किया लोगों को परेशान:** इस घटना में गोदाम में रखा हजारों-लाखों लीटर ऑइल भी जला है। इसके कारण आग की उठती लपटों के धुए में जले ऑइल की बदबू भी फैल गई। घटना के बाद से देर रात तक कृष्णा नगर सहित आसपास के कई कालोनियों व मोहल्लों में जले ऑइल की बदबू से लोग परेशान होते रहे।

### दूसरे दिन भी बंद रही कई इलाकों में बिजली

घटना के बाद क्षेत्र के कई इलाकों की बिजली बंद हो गई थी। इनमें से कुछ इलाकों में देर रात को बिजली सप्लाई शुरू हो गई, लेकिन कृष्णा नगर व उसके आसपास कुछ इलाकों में दूसरे दिन भी बिजली संबंधी काम जारी होने के कारण बिजली दिनभर बंद रही।

## पेज 7 का शेष

### बढ़ती गर्मी के साथ लोगों ...

फायदेमंद है। इसका तापमान सामान्य से थोड़ा ही कम होता है, जो शरीर को ठंडक तो देता ही है, पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। इसे पीने से शरीर में टेस्टोस्टेरॉन का स्तर बढ़ता है। इसमें मृदा के गुण भी होते हैं जो पानी की अशुद्धियों को दूर कर लाभकारी मिनरल्स प्रदान करते हैं। शरीर को विषैले तत्वों से मुक्त कर प्रतिरक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने में यह पानी फायदेमंद होता है। फ्रिज के पानी की अपेक्षा यह अधिक फायदेमंद है, इस पानी से कब्ज और गला खराब होने जैसी समस्याएं नहीं होती। इसके अलावा यह सही मायने में शरीर को ठंडक देता है। इस पानी का पीएच संतुलन सही होता है। जो शरीर को किसी भी तरह की हानि से बचाते हैं, संतुलन बिगड़ने नहीं देते।

**उपयोग करने वालों ने बताए लाभ :** उपेंद्र कुमार साहू, रोहित कुंभकार, चरण कुमार ने कहा कि मटके का पानी प्राकृतिक तौर पर ठंडा होता है, जबकि फ्रिज का पानी इलेक्ट्रिसिटी की मदद से। एक बड़ा फायदा यह भी है कि इसमें बिजली की बचत होती है और मटके बनाने वालों को रोजगार मिलते रहता है। मिट्टी में कई प्रकार के रोगों से लड़ने की क्षमता पाई जाती है। मिट्टी के बर्तनों में पानी रखा जाए, तो उसमें मिट्टी के गुण आ जाते हैं। इसलिए घड़े में रखा पानी हमें स्वस्थ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

इसी तरह दल्लीराजहरा शहर में घड़ा बेच रहे विनोद कुमार, राम बाई, पायल ने बताया कि आज लोग आधुनिकता के दौर में मटके को भूल चुके हैं लेकिन मटके में भी जब आधुनिकता आई तो डिमांड बढ़ी। हम अब मिट्टी का घड़ा बनाकर उसमें नल लगा देते हैं। जिससे लोगों को पानी निकालने में सहूलियत हो रही है। पिछले सप्ताह से जब गर्मी बढ़ी तो डिमांड बढ़ गई है। वहीं, इंटर पास विनोद कुमार बताते हैं कि हमने किताबों में मिट्टी के घड़ा के कई फायदे पढ़े हैं।

ज्यादातर हरी सब्जियां 25 से 60 रुपये प्रति किलो में बिक रहीं

# गर्मी के साथ बढ़ी हरी सब्जियों की मांग, कीमत में भी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



गर्मी के मौसम में हरी सब्जियों की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। वहीं, मांग बढ़ने की वजह से दर भी बढ़ रहे हैं सब्जियां महंगी होने लगी हैं। गृहिणियों के किचन में हरी सब्जी कम दिखाई दे रही है। दल्लीराजहरा में गर्मी के मौसम में ककड़ी,खीरा से लेकर हरी सब्जियां लोगों की पहली पसंद बन गयी हैं। किचन में इन सब्जियों की मांग बढ़ने से कीचन की थालियां महंगी हो गई है।

दल्लीराजहरा बाजार में इनके दाम भी बढने लगे हैं। ज्यादातर हरी सब्जियां 25 से 60 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रही है। जिसमें भिंडी, परवल, बैगन, लौकी, टमाटर आदि हैं। एकाएक सब्जियों की कीमतें बढने से किचन का बजट बिगड़ने लगा है। हरी सब्जियों की कीमत अचानक बढ़ने से लोगों को अपनी पसंद की सब्जियों के लिए अधिक पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। मध्यम वर्ग के परिवारों की थाली से कई सब्जियां गायब होने लगी हैं। दल्लीराजहरा सब्जी मंडी में खरीदी करने पहुंचे किशोर कुमार, राहुल ने बताया कि महीना भर पहले 200 रुपए में छोटे परिवार के लिए सप्ताह भर के लिए सब्जी खरीदता था, लेकिन अब टमाटर ही 40 रुपए किलो बिक रहा है। बाजार में सब्जी की कीमत 25 रुपए से शुरु होकर 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। गर्मी के मौसम में पानी की कमी होने के कारण सब्जियों की कीमत बढने का प्रमुख कारण है।

### दल्लीराजहरा में सब्जियों की कीमत

लौकी- 25 रुपए किलो
कुम्हड़ा-30रुपए किलो
बरबट्टी-30 रुपए किलो
करेला- 40 रुपए किलो
फूल गोभी- 45 रुपए किलो
हरा धनिया- 60 रुपए किलो
तरोई-40 रुपए किलो
परवर-50 से 55 रुपए किलो
टमाटर-45 से 50 रुपए किलो
प्याज-20 रुपए किलो
आलू-25 रुपए किलो

### ज्यादा गर्मी में खराब होती हैं सब्जियां

सब्जी व्यापारी संजय साहू ने बताया कि सब्जी की कीमत बढ़ने से व्यापारी भी काफी परेशान हैं। शहर के सब्जी विक्रेता दल्लीराजहरा सब्जी मंडी से थोक के भाव में सब्जी लेकर आते हैं। गर्मी अधिक होने के कारण सब्जियां खराब हो जाती हैं। इससे छोटे व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं सब्जी लेकर आने में जो खर्च होता है उसका वहन व्यापारियों को ही करना पड़ता है। गर्मी अधिक होने के कारण सब्जी की पैदावार में भी कमी आती है। इससे बाजार में सब्जियां कम पहुंच रही है। इस वजह से सब्जी का रेट अभी बढ़ा हुआ है।

### आसपास के गांवों से भी आती है सब्जियां

शहर से लगे ग्राम साल्हे, सिंगनवाही, कोकान, घोटिया, खललारी आदि स्थानों से सब्जियां दल्लीराजहरा सब्जी मंडी पहुंचती है। जहां से व्यापारी अपने-अपने साधनों से सब्जी लेकर आते हैं। थोक के भाव में सब्जी लेने से कई बार व्यापारियों को खराब सब्जी मिल जाती है। वहीं, ट्रांसपोर्टिंग का अलग से खर्च लगता है। इसके कारण भी सब्जियों की कीमत बढ़ रही है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### जेवरतला में हुआ शनिदेव की स्थापना

**बालोद।** ग्राम जेवरतला में भगवान शनिदेव की स्थापना की गई। शनिदेव एक ऐसे देवता है, जिनके नाराज होने से सभी डरते हैं, ऐसी मान्यताएं है कि शनिदेव की जिस पर टेढ़ी नजर पड़ती है, उसके जीवन में समस्याओं का अंबार लग जाता है। पूजा और प्रायश्चित शनि दोष के प्राथमिक उपचारों में से एक में सच्ची पूजा और भक्ति के माध्यम से भगवान शनि को प्रसन्न करना शामिल है। इसमें नियमित प्रार्थना, शनि मंत्रों का जाप और शनिवार का व्रत करना शामिल है, जिसे शनि को प्रसन्न करने के लिए एक शुभ दिन माना जाता है।

### शिव महापुराण सुनने सिकोला पहुंचे विधायक कुंवरसिंह



**गुण्डरदेही।** ग्राम सिकोला स्थित महर्षि मुक्त वाटिका बगीचा में श्री महर्षि मुक्त वाटिका समिति सिकोला द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा के आयोजन में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल होकर भगवान शिव की पूजा अर्चना कर कथा का रसपान किया। विधायक निषाद ने कहा कि शिव महापुराण की कथा में साक्षात शिव और पार्वती स्वयं यजमान बनकर कथा को श्रवण करने आते हैं, कथा सुनने से जीवन धन्य हो जाता है, उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में व्यक्ति को दान पूर्ण करते रहना चाहिए।

### गांजा बेचने ग्राहक तलाशते पकड़ा गया तस्कर

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से 25 हजार रुपए कीमत का ढाई किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक गुलाब कंडारा के कब्जे से गांजा जब्त किया गया है। गुलाब चंदनीडीह में गांजा बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहा था, इसी दौरान पुलिस ने उसे गांजा बेचते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### नर्सरी स्कूलों के रेगुलेशन आर्डर पर निजी स्कूल एसोसिएशन को आपत्ति

**रायपुर।** पूर्व माध्यमिक शालाओं के विनियमन आदेश को त्रुटिपूर्ण तथा पुराने आदेश की अवहेलना बताते हुए निजी स्कूल एसोसिशन ने आपत्ति की है। संचालक लोक शिक्षण को ज्ञापन सौंपकर इस पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने की मांग की गई है। निजी स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता तथा सचिव मोती जैन अपनी आपत्ति में तर्क दिया है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नर्सरी शालाओं के रेगुलेशन से संबंधी कोई नियम शर्तें एवं पाठ्यक्रम निर्धारित नहीं कर पाया है इसलिए इस आदेश का कोई आधार नहीं होगा। शिक्षा के अधिकार कानून नर्सरी स्तर की कक्षाओं पर अनिवार्य नहीं है। आदेश का पालन करते हुए अगर प्री-प्राइमरी शालों को यू डाइस नंबर दिया जाता है और उनमें आरटीई के तहत प्रवेश होता है तो ऐसे ऐसे विद्यार्थियों को कक्षा पहली के दौरान अन्य स्कूल में स्थानांतरित करना होगा।

## आयोजन : कुम्हारखान में मनाया गया पुरूर परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती समारोह

# बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम कुम्हारखान में पुरूर परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती समारोह मनाया गया। समारोह में दो जोड़ों का आदर्श विवाह समाज द्वारा कराया गया। परिक्षेत्र के 18 ग्रामों के हजारों ग्रामीण समारोह में सम्मिलित हुए।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व अखिल भारतीय तैलिक महासभा सदस्य प्रीतम साहू थे, अध्यक्षता तहसील साहू संघ अध्यक्ष महेंद्र साहू ने की। तहसील कोषाध्यक्ष खेदुरम साहू, जिला महामंत्री विजय साहू, जिला न्याय प्रकोष्ठ संयोजक बिसेलाल साहू, तहसील न्यय प्रकोष्ठ संयोजक बाबूलाल साहू, तहसील सचिव घनाराम जेठमल, आत्माराम साहू, यादव राम साहू, लीलाराम सोनबेर, कुबेर सोनबर, केजू राम साहू, पितांबर साहू, सरपंच भेजा मैदानी रेणुका गजेंद्र, सरपंच कुम्हारखान भामिन नेताम, सरपंच आनंदपुर व उपाध्यक्ष पुरूर परिक्षेत्र सुनीता





साहू, महिला प्रकोष्ठ सचिव इराबती साहू अतिथि के रूप में मंचासीन थे। मुख्य अतिथि प्रीतम साहू ने कहा कि साहू समाज बड़ा समाज है, इसलिए उसकी दायित्व भी बड़ा हो जाता है, सभी समाज को साथ लेकर, सभी के सुख–दुख में खड़े होने का दायित्व भी बनता है। कोई भी व्यक्ति समाज से बड़ा नहीं होता, व्यक्ति की पहचान समाज से होती है। समाज की ताकत से ही वह आगे बढ़ता है। अध्यक्षता कर रहे महेंद्र साहू ने कहा कि साहू समाज वृहद समाज है, बड़ा समाज होने के कारण कई कुरीतियां भी है जिसे दूर करने के लिए समाज प्रयासरत है।

यादव राम साहू ने कहा कि व्यक्ति का सम्मान उसके कर्मों के आधार पर होता है। विजय साहू ने कहा ऐसे आयोजनों से हमें सत्कर्म करने की प्रेरणा मिलती है युवाओं के बिना समाज आगे नहीं बढ़ सकता। बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दे। मंच संचालन परिक्षेत्र सचिव तुलाराम साहू ने किया। कार्यक्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष मिथलेश साहू, सचिव तुलाराम साहू, राजेंद्र साहू, पितांबर साहू, नेतराम साहू, नरसिंग चोरमार, कीर्तन राम, शंकर लाल, राम नारायण, मेघनाथ, पुरूषोत्तम, चिंताराम, संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ सुरेश साहू, मनोज साहू, युवा प्रकोष्ट संयोजक सुरेन्द्र साहू,शिवेंद्र साहू, संयोजिका महिला प्रकोष्ठ नीतू साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### दो जोड़ों का हुआ आदर्श विवाह

समारोह में दो विवाह संपन्न हुए जिसमे कुम्हारखान के डोमन लाल का ग्राम कुलिया की सोनम से एवं कोण्डागांव के सोयम साहू का उसरवारा की दीपिका साहू के साथ आदर्श विवाह समाज द्वारा कराया गया। इसके बाराती एवं घराती पारिवारिक सदस्यों के साथ साहू समाज के हजारों सदस्य बने, जिन्होंने वर वधु को आशीर्वाद दिया।

### समाज की प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

समाज में अग्निवीर के चयन होने पर समाज के मनीष कुमार साहू व डोमन साहू का, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में राज्य स्तर पर फुगड़ी में प्रथम आने पर जगत राम का एवं कक्षा 12वीं मे परिक्षेत्र में प्रथम आने पर सत्यम कुमार व द्वितीय आने पर नोमिता साहू के साथ दसवीं में प्रथम आने पर धामिनी साहू व द्वितीय आने पर दीपिका साहू का सम्मान किया गया।



### मनौद में कर्मा जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम



**बालोद।** ग्राम मनौद में कर्मा जयंती का आयोजन किया गया, जहां प्रातः कलश यात्रा, सम्मान समारोह के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के उद्घाटन में मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ सलाहकार छत्तीसगढ़ पवन साहू थे। अध्यक्षता साहू संघ के जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र साहू ने किया। विशेष अतिथि प्रेम साहू, छगन साहू, त्रिलोचन साहू, बलदेव सिंह ठाकुर, आत्माराम यादव, योगेन्द्र कुमार ठाकुर, खेमलता साहू थे। कार्यक्रम के समापन में जिला पंचायत प्रतिनिधि सत्तूराम साहू थे, अध्यक्षता मूलचंद ने की। विशेष अतिथि नारद सिन्हा, गिरधर साहू, राजेन्द्र साहू, कृष्णा सिंह राजपूत, हरि साटिया उपस्थित थे।

### दरगहन में मां कर्मा जयंती पर निकाली गई कलश यात्रा



**गुरूर।** ग्राम दरगहन में साहू समाज की ओर से दरगहन में स्थित मां कर्मा भवन प्रांगण में बड़े ही धूमधाम से मां कर्मा जयंती मनाई गई। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ प्रांगण में लगी रही। दोपहर में कलश यात्रा निकाली गई। उसके बाद मां कर्मा की महाआरती की गई और प्रसाद के रूप में खिचड़ी व फल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में साहू समाज के पदाधिकारी तुकाराम साहू, नारायण साहू, गजेंद्र साहू, हमिद साहू, मोहन साहू, कबिलास, विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री जयंत साहू व समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## माता कर्मा के जीवन से त्याग, सेवा, समर्पण व भक्ति को अपने अंतर्मन में धारण करें : ललित



**अंडा।** ग्राम बेलौदी में परिक्षेत्रीय साहू समाज द्वारा मां कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर थे। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू भी विशेष रूप से शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि देश में प्रत्येक कार्यों में साहू समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है। मैं सभी समाज के लोगो को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं देता हूं।

उन्होंने कहा कि माता कर्मा भक्त शिरोमणी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। परम आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी देश-विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी कर्मा की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षों से चली आ रही है। माता कर्मा जी के जीवन से त्याग,सेवा, समर्पण, भक्ति को अपने अंतर मन में धारण करने से ही यह आयोजन सार्थक होगा।जिस प्रकार उन्होंने संसार के हर दुःख-सुख को स्वीकारा और डट कर उसका मुकाबला किया। गृहस्थ जीवन पूर्ण सम्पन्नता के साथ यापन कर नारी जाति का सम्मान बढ़ाया है। उसी तरह हमे अपने जीवन मे बुराइयो लड़कर सही राह पर चलकर देश और समाज का सम्मान बढ़ाना है। इस अवसर कार्यकारिणी अध्यक्ष छग राजेश साहू, अध्यक्ष जिला साहू संघ नंदलाल साहू, ,उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दिव्या कलिहारी, उपाध्यक्ष दिलीप साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मड़ियापार में धूमधाम से मनाई मां कर्मा जयंती



**गुण्डरदेही।** ग्राम मड़ियापार में ग्रामीण साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य ममता चंद्राकर थी। अध्यक्षता परिक्षेत्रिय साहू समाज गुण्डरदेही कल्याण साहू ने किया।

विशेष अतिथि सरपंच सरोज ढालसिंह साहू, समाज ग्रामीण अध्यक्ष मकसूदन साहू थे, ग्रामवासी व समाज के महिलाओ द्वारा गांव मे कलश यात्रा निकालकर भ्रमण किया गया। तत्पश्चात मां कर्मा के मंदिर में धवज फहराकर पूजा अर्चना की। जनपद सदस्य ममता चंद्राकर ने मड़ियापार के अग्निवीर नेवी के जवान हरीश साहू का श्रीफल व शॉल भेंट कर समानित किया गया। इसी प्रकार 10 वी 12 वी में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले साहू समाज के छात्र छात्राओं को पुरस्कार देने की घोषणा की। ममता चंद्राकर ने कहा कि माता कर्मा त्याग की गौरव गाथा आज भी जनमानस को श्रद्धा और भक्ति भाव से भर देती है। साहू समाज एक बड़ा समाज है, जहां लोग भाईचारे के साथ रहते हैं।

## गुरूर में हुई कांग्रेस की बैठक, चुनाव की बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

लोकसभा चुनाव की रणनीति तैयार करने ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरुर की बैठक धनकर भवन गुरुर में आयोजित की गई। बैठक में कांकेर लोक सभा के कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, कांकेर लोक सभा संयोजक संत नेताम, जिला कांग्रेस कमेटी बालोद अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोषण साहू, जितेन्द्र यादव, जीवराखन साहू मंचासीन थे।

अध्यक्ष ब्लाक कॉन्ग्रेस कमेटी गुरुर तामेश्वर साहू ने बताया कि बैठक मे गुरुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी, ब्लाक में निवासरत जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, सेवादल, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक विभाग, आदिवासी कांग्रेस एवं समस्त विभाग, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, जोन, सेक्टर एवं बूथ के अध्यक्ष, नगरीय निकाय के निर्वाचित पार्षद, त्रिस्तरीय पंचायतीराज के निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित थे।






## कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां


**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन विजय प्रधान कार्यक्रम प्रभारी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मोना रावत द्वारा गाए सरस्वती वंदना तथा एस.वीणा पटेल द्वारा प्रस्तुत राजगीत के साथ हुआ।

इस अवसर पर संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस, प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, महासचिव डॉ.बोधीराम साहू, कोषाध्यक्ष महेत्तर लाल देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर एवं कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उसके बाद बुधनी अजय, नेहा उपाध्याय, पवित्रा गुप्ता, लक्ष्मी शार्दुल शिक्षक, शकुंतला सहंश सहा.शिक्षक, वाकेश्वरी साहू, अशोक कुमार निषाद, ममता साहू, प्रियंका सिन्हा, राजीव लोचन कश्यप, डॉ.प्रमोद कुमार आदित्य, दिव्या कुमारी ने अपनी प्रस्तुति दी। इसी तरह ओ.पी.



कौशिक रतनपुरिहा, हरमन कुमार बघेल, देवव्रत शर्मा, आशुतोष मौर्य, रामकुमार पटेल, गुंजन वार्ष्णेय, निवेदिता वर्मा 'मेघा', मोहन लाल वर्मा, पुष्पांजलि ठाकुर, मोहित कुमार शर्मा, देवप्रसाद पात्रे, गायत्री सोनी, भीखम लाल देवांगन, मिर्जा इशक बेग, रुक्मिणी सिंह राजपूत, मणि, कुसुम जैन, सुनीता चौधरी, भावना तिवारी, उषा भट्ट आदि ने स्वरचित गीत, गजल व कविता प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन उषा भट्ट व आभार प्रदर्शन डॉ. शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

## चारवाही में धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा जयंती





**बालोद।** ग्राम चारवाही में ग्रामीण साहू समाज द्वारा कर्मा जयंती मनाई गई। जहां प्रातः कलश यात्रा निकालने के साथ ही मां कर्मा की आरती की गई। इसके साथ ही समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चमन लाल साहू थे, अध्यक्षता हेमसिंह साहू ने की। विशेष अतिथि विष्णुराम साहू, रामकुमार ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत चारवाही योगराज अंगारे, मनराखन विश्वकर्मा, अरूण यादव, रामकुमार भारद्वाज, सुनिति ठाकुर, मानकी अंगारे, उशा साहू, भुनेश्वरी साहू उपस्थित थे।

जिसमे समाज के अध्यक्ष वाकेश्वर साहू, उपाध्यक्ष भरत लाल साहू, नागेश्वर साहू, सचिव नंदलाल साहू, कोषाध्यक्ष भानुप्रताप साहू तथा सामाजिक सदस्यो का सहयोग था।

## भाजपा मंडल गुण्डरदेही ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

# राष्ट्र प्रथम के मंत्र के साथ जन-जन की सेवा में जुटी है भाजपा : दुष्यंत

हरिभूमि. न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भाजपा मंडल गुण्डरदेही द्वारा लोकसभा चुनाव कार्यालय गुण्डरदेही में भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस मनाया गया। जहां पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी ने भाजपा के उन सभी महान विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि वर्षों की अपनी कड़ी मेहनत, संघर्ष और त्याग से पार्टी को सींचकर इस ऊंचाई तक पहुंचाया है, मैं आज पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भाजपा देश की सबसे पसंदीदा पार्टी है, जो राष्ट्र प्रथम के मंत्र के साथ जन–जन की सेवा में जुटी है। कार्यक्रम को गुण्डरदेही मंडल के चुनाव प्रभारी नरेश यदु ने भी संबोधित किया। जिला महामंत्री चेमन देशमुख ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक दिशा निर्देश दिए। जिला





उपाध्यक्ष ठाकुरराम चन्द्राकर ने बैठक की समीक्षा कर सभी को हर घर पार्टी का झंडा लगाने आग्रह किया।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति विकास मरकाम, लेखराम साहू, जिला पंचायत सदय पुष्पेन्द्र चंद्राकर, टिनेश्वर बघेल, प्रमोद जैन, मोहन जैन, देवेंद्र महला, इन्द्रपाल चंद्रकार, राजू अग्रवाल, थानसिंग मंडावी, सौरभ चोपड़ा, श्रीकांत वर्मा, भानुमति साहू, नविता साहू, डां तेजराम साहू, दिलीप कुल्हाड़े, कांति सोनेश्वरी, वीरेन्द्र साहू, केशव साहू, कुलदीप साहू, हरीश निषाद, टीकाराम निषाद, संतोष नेताम, शंकर यादव, मुकेश साहू, चेतन साहू, तेजराम साहू, भोजराम साहू, मयंक अग्रवाल, लेखराम साहू, केके साहू, नेमलाल यादव सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा की कथनी और करनी एक समान : विरेंद्र

कार्यक्रम में पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू ने कहा कि आज भाजपा विश्व में सबसे बड़ी पार्टी है, आज हमें गर्व है कि हम भाजपा के कार्यकर्ता है, भाजपा की कथनी और करनी एक समान है, जैसे राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 का हटाना, फ्री में अनाज देना और बहुत सी हमारी सरकार की योजना है, आज विष्णु देव साय का सुशासन मोदी की गारंटी के मार्ग पर चल रही है। पूर्व विधायक व गुण्डरदेही विधानसभा के प्रभारी प्रीतम साहू ने सभी कार्यकर्ता को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज हम सभी नरेंद्र मोदी जैसे प्रधान सेवक के नेतृत्व में केंद्र की योजना का लाभ सभी को मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय है।

